Regarding distortion of image of Bastar, Chhattisgarh-Laid

श्री महेश कश्यप **(**बस्तर**) :** मैं देशवासियों के समक्ष बस्तर (छ.ग.) के नक्सलवाद विषय को लेकर बात रखना चाहता हूँ । देश में सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर को लेकर देश के सामने अलग-अलग ढंग से बयानबाजी की जाती है । निर्दोष आदिवासी के मारे जाने के नाम से, फर्जी मुठभेड़ के नाम से आंदोलन, मानव अधिकार के नाम से बचाव संरक्षण, सुरक्षा दिया जाता है । निर्दोश लड़कियों को नक्सली बताकर मारा गया । इस प्रकार के बयान से देशवासियों के समय व स्तर को लेकर भ्रमित किया जा रहा है । मेरे माध्यम से देश को वास्तविक स्थिति का पता चलना चाहिए ।